University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव

दिनांक 18 नवम्बर, 2021 को सम्पन्न कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक 05/2021 की कार्यवाही

उपस्थिति

1-	**प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति,** (ऑनलाइन माध्यम)	**:-अध्यक्ष**
2-	प्रो0 तृप्ता त्रिवेदी, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय	:-सदस्य
3-	प्रो0 बृजेन्द्र सिंह, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय	:-सदस्य
4-	प्रो0 दिनेश कुमार	:-सदस्य
5-	प्रो0 अमिता कन्नौजिया	:-सदस्य
6-	प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद	:-सदस्य
7-	प्रो0 शशि शुक्ला	:-सदस्य
8-	प्रो0 कविता रस्तोगी	:-सदस्य
9-	डॉ0 मधु राजपूत	:-सदस्य
10-	डॉ0 आर0बी0 सिंह	:-सदस्य
11-	डॉ0 शिव गोविन्द पुरी	:-सदस्य
12-	डॉ0 शमा महमूद	:-सदस्य
13-	डॉ0 विनीता प्रकाश	:-सदस्य
14-	प्रो0 कृपा शंकर	:-सदस्य
15-	श्री अंशु टंडन	:-सदस्य
16-	श्री धर्मेन्द्र सिंह (ऑनलाइन माध्यम)	:-सदस्य
17-	डॉ0 विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव	:-पदेन सचिव

श्रीमती हिमानी चौधरी, वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ एवं परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक के आरम्भ में सचिव,कार्य परिषद/कुलसचिव द्वारा नवागत कार्य परिषद सदस्य प्रो0 शशि शुक्ला,राजनीति शास्त्र विभाग,डॉ0 ए0ए0 इस्लाही,अरब कल्चर विभाग,डॉ0 शिव गोविन्द पुरी, अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपियन भाषा विभाग एवं डॉ0 शमा महमूद, एम0आई0एच0 विभाग का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्य प्रो0 प्रेम सुमन शर्मा, हिन्दी विभाग, डॉ0 संगीता श्रीवास्तव रसायन विज्ञान विभाग,डॉ0 अरुण कुमार, शिक्षा विभाग एवं डॉ0 श्रवण कुमार, शिक्षा विभाग को कार्य परिषद सदस्य के रूप में दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सभी मा0 सदस्यों का स्वागत करते हुये मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/ कुलपति की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

कार्यवाही 05/2021

मद सं0 01– लखनऊ विश्वविद्यालय के 64वे दीक्षान्त समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में ।

विनिश्चय – 1. मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति द्वारा मा0 सदन को अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के 64वे दीक्षान्त समारोह के आयोजन में मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा आगमन पर सहमति व्यक्त कर दी गयी हैं, तथा दिनांक 26.11.2021 को दीक्षान्त समारोह की तिथि निर्धारित हैं, और साथ ही यह भी अवगत कराया कि दीक्षान्त समारोह में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। मा0 अध्यक्ष द्वारा मा0 कार्य परिषद को यह सूचित किया गया कि इस दीक्षान्त समारोह में किसी को भी मानद उपाधि दिया जाना प्रस्तावित नहीं किया जा रहा हैं। इस पर मा0 कार्य परिषद के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति/अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्य परिषद के समक्ष परीक्षा नियंत्रक ने यह तथ्य प्रस्तुत किया कि कुल 15 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किये जाने हैं। परीक्षा नियंत्रक ने यह भी अवगत कराया कि शेष कुल 181 पदक, पूर्व वर्ष की भॅाति संबंधित विभागों द्वारा ही विद्यार्थियों को वितरित किये जायेंगें जिनकी सूची एवं पदक संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिये जायेंगें। परिषद ने उक्त से अवगत होते हुये सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की।

तत्पश्चात पदेन सचिव कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त मा0 सदस्यों से दीक्षान्त समारोह के रिहर्सल हेतु दिनांक 24.11.2021 को अपरान्ह् 12:00 बजे प्रतिभाग करने हेतु अनुरोध किया एवं दिनांक 26.11.2021 को प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया तथा पदेन सचिव कार्यपरिषद द्वारा मा0 कार्य परिषद सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि औपचारिक आमंत्रण पत्र पृथक से प्रेषित किये जायेंगें।

बैठक के अन्त में पदेन सचिव कार्यपरिषद द्वारा उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ परिषद की बैठक समाप्त हुयी।

डॉ0 विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव/पदेन सचिव

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/पदेन अध्यक्ष